(a) whether Government have ever raised the question of payment of expen diture on the maintenance of Srilankun refugees; and

(b) if so, the reaction of Srilankan Government thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI F.DUARDO FALFJRO): (a) No. Sir.

(b) Does not arise.

भारतीय शांति सेना के विरुद्ध श्रीलंका सरकार द्वारा शस्त्रों की आपूर्ति

962. **श्री रणजीत सिंह :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :
श्री शिव प्रताप मिश्र :

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार को श्रीलंका के राष्ट्रपति, श्री रणसिंघे प्रेमदास का एक पत्र मिला है जिसमें वहां तैनात भारतीय शांति सेना के विरुद्ध लिब्रेशन टाइगर ऑफ तमिल ईलम को शस्त्र आपूर्ति करने की उनकी विवशताओं का उल्लेख किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फलेरियो) : (क) अक्तूबर, 1991 में सरकार को श्रीलंका के राष्ट्रपति से एक पत्र प्राप्त हुआ था, जिसमें उन्होंने बहुत साफ शब्दों में यह कहा था कि श्रीलंका की सरकार ने कभी भी भारतीय शांति सेना पर आक्रमण करने के लिये एल०टी०टी०ई० को हथियार नहीं दिये थे। अपने पत्र में उन्होंने उन परिस्थितियों का भी उल्लेख किया, जिनमें तथा कथित "तमिल नेशनल आर्मी" का मुकाबला करने के लिये श्रीलंका की सुरक्षा सेना ने एल० टी०टी०ई० का इस्तेमाल किया।

(ख) सरकार ने श्रीलंका के राष्ट्रपति की इस बात पर गौर तो किया है, लेकिन हमें इन खबरों की भी जानकारी है कि श्रीलंका की सरकार ने भारतीय शांति सेना के विरुद्ध एल०टी०टी०ई० को सहायता दी थी।

हज यात्रियों के लिए व्यवस्था

963. **डा० अबरार अहमद :** क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने हज यात्रियों के लिये क्या व्यवस्था की है और इस वर्ष कितने लोगों के हज पर जाने की संभावना है, और उनमें से कितने यात्री जहाज से और कितने यात्री विमान से यात्रा करेंगे ;

(ख) किन-किन तारीखों को मुम्बई से जहाज रवाना होंगे और प्रत्येक जहाज में कितने-कितने यात्री होंगे ;

(ग) इस वर्ष के दौरान हज यात्रियों से कितना-कितना किराया वसूल किया जायेगा और उन्हें कितनी-कितनी विदेशी मुद्रा दी जायेगी ; और

(घ) हज पर जाने वाले व्यक्तियों की निर्विघ्न यात्रा को सुनिश्चित करने के लिये सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फलेरियो) : (क) और (ख) विमानों और समुद्री मार्ग से परिवहन के तथा रहने की जगह का इंतजाम भी किया जा रहा है। उम्मीद है कि अगले हज के मौसम में करीब 35,000 लोग हज के लिये जायेंगे। इनमें से 24,000 लोगों के लिये इंतजाम हज समिति करेगी। इन 24,000 लोगों में से करीब 4,800 समुद्री जहाज से जायेंगे और बाकी सब हवाई जहाज से।